पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
'हर काम देश के नाम'
नई दिल्लीः आश्विन12, 1944
मंगलवारः 04 अक्तूबर 2022

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने स्वच्छता पर विशेष अभियान 2.0 की प्रगति का निरीक्षण किया

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने रक्षा मंत्रालय द्वारा स्वच्छता पर चलाए जा रहे विशेष अभियान 2.0 की प्रगति की निगरानी के हिस्से के रूप में 04अक्तूबर 2022 को नई दिल्ली में साउथ ब्लॉक परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों और स्वच्छता कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और परिसर को साफ-सुथरा रखने में सराहनीय प्रयासों के लिए स्वच्छता वीरों को सम्मानित किया।

रक्षा मंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी द्वारा शुरू किया गया स्वच्छता अभियान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के कोने-कोने तक पहुंच बनाकर राष्ट्रव्यापी आंदोलन में तब्दील हो गया है। पहले की तुलना में, स्वच्छता आंदोलन के शुभारंभ के बाद से देश के शहर और गांव आज अधिक स्वच्छ हैं। इस आंदोलन ने लोगों में जागरूकता बढ़ाई है।

मंत्रालय के अंतर्गत फील्ड/बाहरी कार्यालयों पर विशेष ध्यान देते हुए 02 अक्तूबर 2022 से 31 अक्तूबर 2022 तक रक्षा मंत्रालय का विशेष अभियान 2.0चलाया जा रहा है। स्थल प्रबंधन और कार्यस्थल के अनुभव को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आमजन से संबंधित और सर्विस डिलीवरी के लिए उत्तरदायी कार्यालयों को प्राथमिकता दी गई है।

स्वच्छतापरविशेषअभियान 1.0 केदौरान, रक्षामंत्रालयमेंरिकॉर्डसंख्यामें 44276 फाइलोंकीसमीक्षाकीगईऔर 16696 फाइलोंकी छंटाई की गई। 833 बाह्यस्वच्छताअभियानचलाएगए, 187790 वर्गफुटजगहखालीकीगईऔरअभियानकेदौरानकार्यालयस्क्रैपकीबिक्रीसे 2.09 करोड़रुपयेकाराजस्वअर्जितकियागया।

एबीबी/डीएस